दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य में सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी और कटिहार समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। कोसी, सीमांचल और पूर्वी हिस्सों के कई नए क्षेत्रों में बाढ का पानी फैला।

02. केन्द्र सरकार ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मदद के लिए राज्य आपदा राहत कोष से छह सौ छप्पन करोड़ रूपय की राशि जारी की।

03. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांधी जयंती के अवसर पर पटना में बापू टावर का उद्घाटन करेंगे।

---

राज्य में बाढ प्रभावित सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी और कटिहार समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। प्रदेश के सोलह जिलों की बारह लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। कोसी, सीमांचल और पूर्वी हिस्सों में कई नए क्षेत्र बाढ से प्रभावित हुए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी की बाढ़ से मधेपुरा और सहरसा जिले के आलमनगर चौसा, नवहट्टा और सलखुआ प्रखंड के कई गांव प्रभावित हैं। खगड़िया और मुजफ्फरपुर जिले के कई हिस्से कोसी, बागमती और गंडक समेत कई नदियों की बाढ़ से जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। करेह, बागमती और कमला नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि के कारण समस्तीपुर के बिथान प्रखंड में बाढ़ का पानी फैल गया है। इस बीच, बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित सीतामढी और दरभंगा जिलों में राहत कार्य तेज करने के लिए विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। सीतामढी बेलसंड और रुनीसैदपुर तथा दरभंगा किरतपुर और गौरा बौराम समेत कई हिस्सों में लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव एम्बुलेंस भेजी जा रही हैं। बिगड़े हालात के चलते भारतीय वायुसेना कल से ही सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य में जुट गई है। कृषि विभाग ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर बाढ़ से हुई फसल क्षति का सर्वेक्षण कर आकलन करने को कहा है।

---

सीतामढ़ी जिले के बेलसंड और रून्नीसैदपुर प्रखंड के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति अभी भी गम्भीर बनी हुयी है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

वहीं, दरभंगा जिले में बाढ़ प्रभावित दुर्गम इलाकों में लोगों के बीच वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से राहत सामग्री गिरायी जा रही है।

———रिपोर्ट———

किरतपुर प्रखंड के झगरुआ तरवाड़ा, नरकटिया भंडरिया, कुबौल ढांगा, खैसा जमालपुर, झगरुड़ा, किरतपुर, रसियारी, गौड़ाबौराम प्रखंड के आधारपुर, गौड़ामानसिंह, बौराम बघरासी, मानसरा तथा घनश्यामपुर प्रखंड के बुढैब इनायतपुर,लगमा एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के ईटहर, उजवा सिमरटोका, तिलकेश्वर, सुघराईन,भिंडुआ एवं उसरी' पंचायत बाढ़ प्रभावित हैं। जिला प्रशासन की ओर से 37 जगहों पर सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित किया जा रहा है। प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के बीच 10 हजार से अधिक पॉलिथीन शिट्स का किया है। जिला आपदा प्रबंधन के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए 99 निःशुल्क नावों का परिचालन करवाया जा रहा है'। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

समस्तीपुर जिले में कोसी समेत अन्य नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से नए इलाकों में बाढ का पानी प्रवेश कर गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

कोसी बराज से पानी छोड़े जाने के बाद समस्तीपुर जिले के बिथान प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली कोसी, कमला, करेह और बागमती नदियों के जलस्तर मे भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। नदियों के उफान से इस प्रखंड के सलहाचंदन पंचायत के चार गांव बहबा, खुटौना, खोटा तिलकपुर एवं बतरडीहा में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इन गांवों की लगभग 10 हजार की आबादी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हो गई है। सैकड़ों एकड़ में लगी फसले बाढ़ के पानी मे डूब गए हैं। बाढ़ प्रभावित लोग सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। इधर, बाढ़ का पानी स्कूलों मे भी फैल गया है जिसके कारण इस क्षेत्र के चार विधालयों को बंद कर दिया गया है। भूमि सुधार उप समाहर्ता अमित कुमार ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

कटिहार जिले में बाढ से अड़तीस पंचायतों के लगभग एक लाख तीस हजार लोग प्रभावित हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

कटिहार जिले में बाढ से सबसे ज्यादा प्रभावित अमदाबाद प्रखंड हुआ है। प्रखंड के दुर्गापुर, भवानीपुर जंगलाताल, लखनपुर, बैदा, पूर्वी करीमुल्लापुर तथा नगर पंचायत अमदाबाद पंचायत के गांवों में गंगा और महानंदा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ से कदवा और बलरामपुर प्रखंड भी काफी प्रभावित हैं। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावितों के लिये 31 सामुदायिक रसोई चलाये जा रहे हैं। वहीं, कदवा के भर्री पंचायत में 01 तथा आजमनगर में एक सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। सरकारी आंकड़ां के अनुसार बाढ़ से 38 पंचायतों के लगभग एक लाख 30 हजार लोग प्रभावित हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

इधर, शिवहर जिले के भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मदद के लिए राज्य आपदा राहत कोष  से छह सौ छप्पन करोड़ रूपय की राशि जारी की है। वहीं, केंद्र की ओर से प्रदेश में बाढ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए जल्द ही टीमें भेजी जाएंगी। टीमों के मूल्यांकन रिपोर्ट के बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, एनडीआरएफ से अतिरिक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाएगी।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी बाढ़ पीड़ितों को लगातार राहत दे रही है। एक लाख परिवारों को राहत पैकेज देने की घोषणा करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि पार्टी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री दे रही है। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई समस्या होगी उसका निदान किया जाएगा।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ पचपनवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

इस अवसर पर नई दिल्ली में, बापू की समाधि—राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना स्थित गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में बापू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राज्य वासियों को बापू टावर के रूप में बड़ी सौगात देंगे। इसका निर्माण एक सौ उनतीस करोड़ रुपए की लागत से पटना के गर्दनीबाग इलाके में किया गया है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अनेक विशेषताओं वाला यह टावर युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाला है। उन्होंने बताया कि बापू टावर का वास्तु और सौंदर्य भी अदभुत है।

———बाइट———

————————————————————————————

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धाजलि दे रहा है। शास्त्री जी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के विरूद्ध उन्नीस सौ पैंसठ का युद्ध जीता था।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह नई दिल्ली में महात्मा गांधी की एक सौ पचपनवीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम स्वच्छता के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण जन–आंदोलन स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के दस वर्ष पूरे होने को दर्शाएगा।

————————————————————————————

और अब प्रस्तुत है स्वच्छता ही सेवा श्रृंखला के तहत आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज की कड़ी में नालंदा जिले से एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– मंदिर हो या मजार, सड़क पर है तो हटाया जाएगा।

**दैनिक जागरण** ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की खबर पर शीर्षक दिया है– इरान ने इजरायल पर की मिसाईलों की बौछार।

**प्रभात खबर** ने अंडर–नाइंटिन भारतीय क्रिकेट टीम के युवा खिलाड़ी बिहार के वैभव सूयवंशी के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तूफानी शतक को बड़ी खबर बनाया है – अखबार लिखता है – तेरह साल के बिहार के लाल का तूफानी शतक, रचा इतिहास। समस्तीपुर के क्रिकेटर ने अंठावन गेंदों पर ठोका शतक। ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने।

**आज** अखबार की सुर्खी है– भागलपुर में बम धमाके में कई बच्चे घायल।

**दैनिक भास्कर** और अन्य अखबारों ने प्रदेश में बाढ की खबरों को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. राज्य में सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी और कटिहार समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। कोसी, सीमांचल और पूर्वी हिस्सों के कई नए क्षेत्रों में बाढ का पानी फैला।

02. केन्द्र सरकार ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मदद के लिए राज्य आपदा राहत कोष से छह सौ छप्पन करोड़ रूपय की राशि जारी की।

03. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांधी जयंती के अवसर पर पटना में बापू टावर का उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।